# वन-स्टॉप डिजिटिल प्लेटफॉर्म 'नगर दर्शन' पोर्टल

## चर्चा में क्यों?

13 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों के संपूर्ण रिकॉर्ड को डिजिटिल प्लेटफॉर्म पर अपडेट करने की दिशा में डिजिटिल रूप से 'नगर दर्शन' पोर्टल लॉन्च किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस पोर्टल पर नागरिक अपने क्षेत्र में चलाई जा रही विकास परियोजनाओं के अनुसार अपनी मांगों, शिकायतों और सुझावों को रख सकेंगे।
- अब नागरिक अपने वार्ड में विकास कार्यों से संबंधित कोई भी मांग 'नगर दर्शन' पोर्टल पर डाल सकेंगे। इसके अलावा वे इस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायतें और सुझाव भी दर्ज कर सकते हैं, जो स्वचालित रूप से संबंधित विभाग को आगे की कार्रवाई के लिये भेज दिये जाएंगे।
- 'नगर दर्शन' पोर्टल पर शहरी स्थानीय निकायों में पूर्ण, चालू और आवश्यक विकास परियोजनाओं का विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगा।
- इसके अलावा, यह विकास कार्यों की विश्वसनीयता बढ़ाने में भी कारगर साबित होगा और नागरिकों के लिये सूचना के स्रोत के रूप में भी काम करेगा, जो शहरी स्थानीय निकायों में विकास योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन में मदद करेगा।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि 'नगर दर्शन' का मुख्य उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों की वेबसाइटों के माध्यम से नागरिकों के लिये सभी सरकारी सेवाओं को सुलभ बनाना है, जो नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/one-stop-digital-platform-nagar-darshan-portal